**पटना में दिनांक–27 फरवरी, 2024 मंगलवार को अपराह्न 5:30 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

1. रोहतास एवं कैमूर वन प्रमंडल के अन्तर्गत कैमूर वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र से 2225.02 हेक्टेयर वन क्षेत्र को विलोपित करते हुए आश्रयणी सीमा को परिवर्तित करने तथा 3000 हेक्टेयर सुरक्षित वन क्षेत्र को आश्रयणी घोषित किए जाने के प्रस्ताव की स्वीकृति के संबंध में। — **1. स्वीकृत।**

**वित्त विभाग**

2. बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की अनुशंसा के उपरान्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक–04.01.2024 के आलोक में विभिन्न भत्ता/सुविधाओं की स्वीकृति के संबंध में। — **2. स्वीकृत।**

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

3. वित्त विभागीय संकल्प ज्ञापांक–9631 दिनांक–02.12.2019 एवं वित्त विभागीय संकल्प ज्ञापांक–7520 दिनांक–11.08.2011 में संशोधन किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। — **3. स्वीकृत।**

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

4. वित्त विभागीय संकल्प ज्ञापांक–9632 दिनांक–02.12.2019 एवं वित्त विभागीय संकल्प ज्ञापांक–7027 दिनांक–29.07.2011 में संशोधन किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। — **4. स्वीकृत।**

**समाज कल्याण विभाग**

5. बिहार दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 के कतिपय प्रावधानों को स्पष्ट करने तथा विभिन्न स्तर के प्राधिकार नामित करने के उद्देश्य से बिहार दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 के नियमों में संशोधन की स्वीकृति। — **5. स्वीकृत।**

**श्रम संसाधन विभाग**

6. बिहार बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन नियमावली, 2024 को लागू करने के संबंध में। — **6. स्वीकृत।**

## सामान्य प्रशासन विभाग

7. बिहार तकनीकी सेवा आयोग अधिनियम, 2014 (बिहार अधिनियम 13, 2014) (समय–समय पर यथा संशोधित) की धारा–8 के परन्तुक को संशोधित किये जाने एवं तत्संबंधी "बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024" के प्रारूप पर स्वीकृति के संबंध में। — **7.** स्वीकृत।

## सामान्य प्रशासन विभाग

8. माननीय उच्च न्यायालय, पटना के रजिस्ट्री में मशीन ट्रांसलेशन संबंधी कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु बिहार उच्च न्यायिक सेवा संवर्ग में जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटि के संपादक का 01 (एक) पद एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटि के उप संपादक का 02 (दो) पद अर्थात् कुल 03 (तीन) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — **8.** स्वीकृत।

## गृह विभाग

9. बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक, 2024 के प्रारूप पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त करने के संबंध में। — **9.** स्वीकृत।

## गृह विभाग
(विशेष शाखा)

10. बिहार लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्त्तन विधेयक, 2024 के प्रारूप पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त करने के संबंध में। — **10.** स्वीकृत।

## मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

11. श्री कृष्ण कुमार यादव, अधीक्षक, राजकीय अतिथिशाला, पटना की संविदा अवधि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं०–10000, दिनांक–10.07.2015 की कंडिका संख्या–3(2)(ख)(V) को शिथिल करते हुए अगले 01 (एक) वर्ष के लिए अथवा अधीक्षक, राजकीय अतिथिशाला, पटना के पद पर नियमित नियुक्ति /प्रतिनियुक्ति होने, जो पहले हो तक विस्तारित किये जाने के संबंध में। — **11.** स्वीकृत।

## ऊर्जा विभाग

12. चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत सिंचाई हेतु "मुख्यमंत्री कृषि सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना" अंतर्गत कृषि फीडरों को सौर ऊर्जा के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (RESCO) मोड में ऊर्जान्वियन हेतु कुल 1200.00 करोड़ (एक हजार दो सौ करोड़) रूपये का नयी योजना की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। — **12.** स्वीकृत।

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार हेतु स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में अनुमानित कुल–₹433022940/–(तैंतालीस करोड़ तीस लाख बाईस हजार नौ सौ चालीस रूपये) मात्र का वार्षिक वित्तीय व्यय पर समूह–'ग' के कार्य निरीक्षक का कुल–1114 स्थायी पदों का सृजन की स्वीकृति के संबंध में। | **13.** | स्वीकृत। |